नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''
महाराणा प्रताप महाविद्यालय
जंगल धूसड़, गोरखपुर
Mob. No. 7897475917, 9795471750
Website: www.mpm.ac.in
E-mail: mpmpg5@gmail.com

दिनांक : 31/10/2026

प्रकाशनार्थ : 1

रसायन विज्ञान के विविध विषयों पर विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए शोधपरक व्याख्यान
पावर पॉइंट प्रस्तुतीकरण से विद्यार्थियों ने प्रदर्शित किया वैज्ञानिक ज्ञान

गोरखपुर, 31 अक्टूबर। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर के रसायन विज्ञान विभाग की ओर से शनिवार को स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रसायन विज्ञान की विभिन्न अवधारणाओं एवं विषयों पर पावर पॉइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से अपने विचारों और विषयगत ज्ञान का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में मेन ग्रुप एलिमेंट्स, सिमेट्री एंड सिमेट्री ऑपरेशंस, ऐस्टीमेशन ऑफ एलिमेंट्स इन ऑर्गेनिक कंपाउंड्स तथा टोकोफेरॉल जैसे विषयों पर विद्यार्थियों ने व्याख्यान प्रस्तुत किए। इसमें कुल 10 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में एम.एस.सी. तृतीय सेमेस्टर की पूजा सिंह ने प्रथम, एम.एस.सी. प्रथम सेमेस्टर की आकृति विश्वकर्मा ने द्वितीय तथा इसी सेमेस्टर के सिद्धार्थ पाण्डेय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन सहायक आचार्य प्रियंका मिश्रा ने किया। निर्णायक मंडल में विभागाध्यक्ष डॉ. शिवकुमार बर्नवाल एवं डॉ. राम सहाय शामिल रहे। समापन अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. शिवकुमार बर्नवाल ने विजयी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।





प्रकाशनार्थ : 2

राष्ट्रीय एकता, प्रशासनिक निष्ठा और ईमानदारी से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव : डॉ. अनूप कुमार पाण्डेय

सरदार पटेल की 151वीं जयंती पर महाविद्यालय में विशिष्ट व्याख्यान, एनसीसी कैडेट्स ने आयोजित की रन फॉर यूनिटी

गोरखपुर, 31 अक्टूबर। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में शनिवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। 'सरदार वल्लभभाई पटेल के विचारों में राष्ट्रीय एकता, प्रशासनिक शक्ति, निष्ठा एवं भ्रष्टाचार मुक्त भारत की संकल्पना' विषय पर आयोजित व्याख्यान में मुख्य वक्ता डॉ. अनूप कुमार पाण्डेय ने कहा कि राष्ट्रीय एकता, प्रशासनिक शक्ति और कर्तव्य के प्रति निष्ठा से ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है।

उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपनी अद्वितीय दूरदर्शिता, दृढ़ इच्छाशक्ति और कुशल प्रशासनिक क्षमता के बल पर देशी रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत की नींव को मजबूत किया। उनके विचार आज भी राष्ट्रीय एकता, सुशासन और प्रशासनिक उत्तरदायित्व के लिए प्रासंगिक हैं। भ्रष्टाचार मुक्त भारत के निर्माण के लिए प्रत्येक नागरिक में ईमानदारी, पारदर्शिता और नैतिक जिम्मेदारी की भावना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से राष्ट्र की एकता, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय दायित्वों के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री हरिकेश कुमार यादव एवं श्रीमती पुष्पा निषाद ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

एन.सी.सी. कैडेट्स ने लगाई एकता की दौड़

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के एन.सी.सी. कैडेट्स द्वारा 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनीष कुमार त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया। एन.सी.सी. के सी.टी.ओ. डॉ. अनूप कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक दौड़ में प्रतिभाग किया। इस आयोजन के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया गया।









सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी